लखनऊ | मंगलवार ● 26.09.2023

my city

अमर उजाला

amarujala.com/lucknow



## पं. दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर शैक्षणिक संस्थानों में हुए कार्यक्रम




भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित की गई संगोष्ठी। संवाद

■ भाषा विवि में पं. दीन दयाल उपाध्याय शोधपीठ की ओर से राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मुख्य वक्ता सह संगठन मंत्री विद्या भारती यतींद्र कुमार ने कहा कि पं. दीन दयाल ने भारतीय संस्कृति के दर्शन को ही अंतिम व्यक्ति का दर्शन बताया। कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने कहा कि विभिन्न कालखंड में समाज में दिशा देने के लिए महापुरुषों का आगमन होता रहा है। समाज के नीचे और ऊपर के व्यक्ति को आपस में जोड़कर ही राष्ट्र का निर्माण संभव है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि माधवेंद्र सिंह, प्रो. चंदना डे, डॉ. लक्ष्मण सिंह, प्रो. सैय्यद हैदर अली, डॉ. प्रवीन राय, डॉ. पूनम चौधरी व डॉ. रमेश वर्मा मौजूद रहे।

CS CamScanner

हिन्दुस्तान
www.livehindust

# भाषा विवि में हैकाथन का आयोजन

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय में रविवार को हैकाथन का आयोजन किया गया। बीटेक संकाय में हुए हैकाथन में 20 टीमों ने हिस्सा लिया। निर्णायक मंडली में प्रो. संजीव कुमार त्रिवेदी, डॉ सुमन कुमार मिश्रा और डॉ. शान ए फातिमा रहे। इस मौके पर डॉ. नदीम अंसारी, डॉ. ममता शुक्ला, डॉ. अप्रतिम चटर्जी, प्रो एहतशाम अहमद व अन्य मौजूद रहे, जिसमें हर टीम में छह सदस्य मौजूद रहे।

CamScanner

my city अमर उजाला
लखनऊ | शनिवार • 23.09.2023
amarujala.com/lucknow
5

# भाषा विवि : फरवरी में होगा दीक्षांत समारोह

लखनऊ। ख्वाजा मईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में फरवरी के प्रथम सप्ताह में दीक्षांत समारोह होगा। राजभवन से दीक्षांत के लिए मांगी गई तिथियों पर विवि ने फरवरी के प्रथम सप्ताह की तिथियां भेजी हैं। वहां से अंतिम तिथि तय होने के बाद इसका औपचारिक ऐलान कर दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक विवि पहले नवंबर में दीक्षांत समारोह कराने का विचा कर रहा था, लेकिन नैक मूल्यांकन की तैयारियों में व्यस्तता के चलते इसे फरवरी तक बढ़ा दिया गया है। कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने बताया कि राजभवन से मंजूरी मिलते ही तिथि की घोषणा कर दी जाएगी। (संवाद)

CS CamScanner

my city
लखनऊ | शुक्रवार ■ 22.09.2023
अमर उजाला
amarujala.com/lucknow


## कॅरिअर में तरक्की के रास्ते बताए

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में बृहस्पतिवार को छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीए भूपेश डोडेजा ने छात्रों को प्रोफेशनल कोर्सों के अध्ययन का लाभ, कैपिटल मार्केट में निवेश व भविष्य में सफलता के मुकाम तलाशने की राह बताई। विभागाध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहम ने नए विद्यार्थियों को विवि में चल रहे यूजी और पीजी डिप्लोमा कोर्स की जानकारी दी। प्रो. एके श्रीवास्तव समेत अन्य शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। (संवाद)

## पांच छात्रों को आठ लाख का पैकेज

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में आयोजित चार दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में पांच विद्यार्थियों का चयन बायजूस कंपनी में हुआ है। इन्हें सालाना आठ लाख रुपये पैकेज मिलेगा। शुरुआती दिनों में तीन माह तक ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसमें प्रतिमाह 22.5 हजार रुपये का भुगतान किया जाएगा। प्लेसमेंट ड्राइव में विभिन्न विभागों के सौ से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। चयनित विद्यार्थियों में मो. साबिर, मो. फैजान, मो. नोमान, मो. फराज इमाम व विजय प्रताप शामिल हैं। कुलपति एनबी सिंह ने इन सभी को शुभकामनाएं दी हैं। (संवाद)

## प्रो. चंदना डे बनीं डीएसडब्ल्यू

लखनऊ। भाषा विवि के कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने शिक्षा शास्त्र की विभागाध्यक्ष प्रो. चंदना डे को विवि का नया अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) नामित किया है। वह अग्रिम आदेशों तक इस पद पर बनी रहेंगी। डीएसडब्ल्यू के साथ ही उन्हें सांस्कृतिक समिति का अध्यक्ष भी बनाया गया है। (संवाद)

CS CamScanner

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# दूरदर्शन की पुरानी यादों को किया ताजा

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में शुक्रवार को टेलीविजन डे मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभाग की विषय प्रभारी डॉ. रुचिता सुजॉय चौधरी ने कहा कि कभी दूरदर्शन कार्यक्रम हमारे जन माध्यमों में कभी सबसे ऊपर हुआ करता था। छात्रों ने कार्यक्रम में गाने, कविता आदि के माध्यम से भी अपनी विभिन्न प्रस्तुतियां देकर दूरदर्शन की पुरानी यादों को ताजा किया। कार्यक्रम के अंत में विभाग के शिक्षक डॉ. शचीन्द्र शेखर ने कहा कि टेलीविजन भारीभरकम डिवाइस से मोबाइल टीवी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहा है। इस दौरान डॉ. कासिम रिजवी, डॉ. मोहम्मद नसीब, खुशी, आरती, अदीबा आदि मौजूद रहे।

CamScanner

my city
अमर उजाला
amarujala.com/lucknow
लखनऊ | शुक्रवार • 15.09.2023
5

# शिक्षा के मंदिरों में गूंजा हिंदी का गुणगान

भाषा विवि में हिंदी पखवाड़े का समापन हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. कैलाश देवी ने हिंदी भाषा को वैश्विक भाषा बनाने पर जोर दिया। हास्य कवि सर्वेश अस्थाना व विवि के शिक्षक व अधिकारी मौजूद रहे।

CamScanner

# भाषा विवि में शिक्षकों से कुलपति का आह्वान

भाषा विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग ने शिक्षक दिवस मनाया। कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने कहा कि शिक्षकों को मिलकर विश्वविद्यालय को बढ़ाना चाहिए। उर्दू विभाग की साहित्यिक संस्था बज्में अदब ने भी शिक्षक दिवस मनाया।

CamScanner

# भाषा विवि भी खुद करेगा इंजीनियरिंग में दाखिले

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय भी अब एकेटीयू के बजाय खुद अपने स्तर से इंजीनियरिंग संकाय की सभी सीटें भरेगा। अभी तक विवि इस संकाय की 50 फीसदी सीटें एकेटीयू के माध्यम भरता था।

एकेटीयू की काउंसिलिंग प्रक्रिया में देरी के चलते कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह ने सोमवार को घोषणा की कि विवि अब खुद इंजीनियरिंग संकाय के सभी दाखिले करेगा। भाषा विवि में वर्तमान समय में इंजीनियरिंग संकाय में सिविल, मेकेनिकल, बायो टेक्नोलॉजी, सीएस इंजीनियरिंग विद एआई एंड मशीन लर्निंग, सिविल एंड एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग, ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स इंजीनियरिंग के अलावा एआई एंड डाटा साइंस विषय की कुल 462 सीटें हैं। संकाय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की लेटरल एंट्री पर भी विवि का नियम लागू होगा। प्रवेश समन्वयक प्रो. हैदर अली ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी स्पॉट काउंसिलिंग के माध्यम से विवि में सीधे प्रवेश ले सकते हैं। एडमिशन जेईई मेंस एवं सीयूईटी के स्कोर पर दिया जाएगा। अधिक जानकारी के अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट अथवा प्रवेश समन्वयक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# कौशल विकास पर हुई चर्चा

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में सोमवार को कुलपति एनबी सिंह के नेतृत्व में पांच दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में बच्चों को कौशल विकास से संबंधित से मुद्दों पर जानकारियां दी गईं। इस कार्यक्रम के लिए 250 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया है। विवि के इंजीनियरिंग संकाय के निदेशक प्रो. संजीव त्रिवेदी ने बताया कि कार्यशाला के अंतिम दिन एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन होगा। कार्यक्रम में प्रो. ममता शुक्ला, डॉ. शाने फातिमा, डॉ. आरके त्रिपाठी व डॉ. मानवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। (संवाद)

CS CamScanner

# स्वदेशी खेलों में दिखाया दम

**लखनऊ।** भाषा विवि की एनएसएस इकाई–4 की ओर से स्वदेशी खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके तहत अल्लू नगर गांव में स्वदेशी खेलों का आयोजन हुआ। कुलपति प्रो नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन को पकड़म पकड़ाई नाम दिया गया था, जिसमें कबड्डी, खो-खो एवं एकल दौड़ जैसे खेल शामिल थे। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभय कृष्ण ने कहा कि बच्चों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाना जरूरी है। खेल खेलने से हमारी प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है और कई बीमारियां हमारे पास नहीं आती हैं। आयोजन में शिवांगी, साक्षी, क्षमा, प्रीति, शिवेंद्र, आदर्श आदि मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

CamScanner